उत्तर प्रदेश

ई-संदेश

27 सितम्बर, 2018 वर्ष 1, अंक 36

सात दिन – सात पृष्ठ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 सितम्बर, 2018 को गोरखपुर में आयुष्मान योजना के शुभारंभ अवसर पर। साथ में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री सिद्धार्थनाथ सिंह और सिंचाई मंत्री श्री धर्मपाल सिंह

• आयुष्मान भारत योजना के पहले चरण में प्रदेश के 1 करोड़ 18 लाख परिवार होंगे लाभान्वित • 2019 के कुम्भ मेले से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा • डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में रोजगार की असीम सम्भावनाएं, इसके लिए लैण्ड बैंक में भूमि उपलब्ध कराई जाए • विचार कभी मरता नहीं • पं0 दीनदयाल जी के अंत्योदय का मंत्र साकार करेंगे हम • किसानों के बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए 5,535 करोड़ रु0 का बजट आवंटित

संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश

आयुष्मान भारत योजना के पहले चरण में प्रदेश के 1 करोड़ 18 लाख परिवार होंगे लाभान्वित

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश में विश्व की सबसे बड़ी आरोग्य योजना 'आयुष्मान भारत योजना' के शुभारम्भ पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के पहले चरण में प्रदेश के 01 करोड़ 18 लाख परिवार लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को 05 लाख रुपये का निःशुल्क चिकित्सा बीमा कवर मिलेगा। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की स्वस्थ व समर्थ भारत की संकल्पना को साकार करने में सहायक होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी आमजन को सुविधापूर्वक व अच्छी चिकित्सीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके दृष्टिगत प्रदेश में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने का काम भी किया गया है।

आयुष्मान भारत योजना के शुभारम्भ के अवसर पर प्रधानमंत्री के ट्वीट्स

- समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति को, गरीब से भी गरीब को इलाज मिले, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिले, आज इस विजन के साथ बहुत बड़ा कदम उठाया गया है।
- आयुष्मान भारत के संकल्प के साथ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आज से लागू हो रही है। देश के 50 करोड़ से ज्यादा भाई-बहनों को 5 लाख रुपये तक का हेल्थ-एश्योरेंस देने वाली ये दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। पूरी दुनिया में सरकारी पैसे से इतनी बड़ी योजना किसी और देश में नहीं चल रही है। इस योजना के लाभार्थियों की संख्या पूरे यूरोपियन यूनियन की कुल आबादी के बराबर है।
- अगर आप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको, इन तीनों देशों की आबादी को भी जोड़ दें, तो उनकी कुल संख्या इस योजना के लाभार्थियों की संख्या के करीब ही होगी।
- आयुष्मान भारत योजना से दो महापुरुषों का नाता जुड़ा है। अप्रैल में जब योजना का पहला चरण शुरु हुआ था तो उस दिन बाबा साहेब आंबेडकर का जन्मदिन था। अब इसी कड़ी में, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्मदिवस से दो दिन पहले शुरु हुई है।

कृषि पेंटिंग प्रतियोगिता एक अक्टूबर को

उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के मध्य फसल अवशेष न जलाने के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाने के लिए तहसील स्तर पर विद्यार्थियों के बीच 01 अक्टूबर को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की जाएगी।

इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव कृषि, श्री अमित मोहन प्रसाद ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी एस0डी0एम0 को निर्देशित करें कि वे जिला विद्यालय निरीक्षक तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के सहयोग से सभी तहसीलों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित करायें।

एक अक्टूबर को 'फसल अवशेष न जलाये जाने' के सन्दर्भ में आयोजित इस पेंटिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन भी उसी दिन किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कृषि विभाग द्वारा क्रमशः 10,000 रुपये, 7,500 रुपये तथा 5,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा तथा आगामी 02 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त 10 सबसे अच्छे पेंटिंग करने वाले विद्यार्थियों को आगामी 26 से 28 अक्टूबर तक लखनऊ में आयोजित होने वाले ''कृषि कुम्भ'' में विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा कृषि कुम्भ में चयनित 50 पेंटिंग्स को कृषि कुम्भ की थीम गैलरी में प्रदर्शित भी किया जाएगा। ■

मुख्यमंत्री ने 2019 के कुम्भ मेले से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां शास्त्री भवन में कुम्भ मेला-2019 के मद्देनजर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों, सुरक्षा, आवागमन, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को अपनी सम्बन्धित योजनाओं को हर हाल में 30 नवम्बर, 2018 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुम्भ के दृष्टिगत गंगा जी और यमुना जी में तथा संगम पर शुद्ध जल की अविरल धारा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुम्भ में आने वाले साधु-सन्तों तथा श्रद्धालुओं को स्नान करने के लिए हर हाल में शुद्ध जल प्रचुर मात्रा में मिले। इसके लिए नदियों का उचित जलस्तर भी सुनिश्चित किया जाए।

कुम्भ आयोजन के संबंध में मुख्यमंत्री जी के महत्वपूर्ण निर्देश -

- पुलिस विभाग मेला क्षेत्र में संवेदनशील और व्यवहारकुशल पुलिस कर्मियों को तैनात करना सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालुओं के साथ कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।
- मेला क्षेत्र में पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सी0सी0टी0वी0 से पूरे मेला क्षेत्र की गहन निगरानी की जाए। साथ ही, असामाजिक तथा देशद्रोही तत्वों की सख्ती से निगरानी की जाए।
- कुम्भ का पहला सन्देश स्वच्छता और दूसरा सन्देश पॉलीथीन बैन का होगा।
- मार्गों पर स्पष्ट संकेतक लगाते हुए यातायात को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जाए।
- कुम्भ आयोजन के दौरान पूरे मेला क्षेत्र में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण पर्यटन योजनाओं जैसे-रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट, कृष्ण सर्किट, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।
- सभी कार्य गुणवत्तापरक ढंग से समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।
- प्रयागराज के अलावा, आस-पास से धार्मिक स्थलों का भी विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- साधु-सन्तों से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा के सम्बन्ध में उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया जाए।
- मेला क्षेत्र में कवरेज के लिए आने वाले मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद बनाकर उन्हें आवश्यक सूचनाएं तत्परता से उपलब्ध करायी जाएं।
- पूरे मेला क्षेत्र में वॉल पेण्टिंग भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ■

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे की डी0पी0आर0 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करें: योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री जी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के साथ ही बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना की भी समीक्षा की। उन्होंने 30 नवम्बर, 2018 तक इसके सम्बन्ध में डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पी0पी0पी0 मोड में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की बात कही। साथ ही, यह निर्देश भी दिए कि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के कार्यों में तेजी लाते हुए प्रति सप्ताह इसकी समीक्षा करें।

डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में रोजगार की असीम सम्भावनाएं, इसके लिए लैण्ड बैंक में भूमि उपलब्ध कराई जाए: मुख्यमंत्री

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना के लिए सरकार के प्रयासों की समीक्षा की और अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर एवं जालौन में भूमि चिन्हित कर लैण्ड बैंक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में स्थापित होने वाले उद्योगों को कौशल विकास से जोड़ने के लिए समन्वित ढंग से कार्य किया जाए, जिससे उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा और प्रदेश के नौजवानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी प्राप्त हो सकेगा। इससे डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में रोजगार की असीम सम्भावनाएं पैदा होंगी।

मुख्यमंत्री ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के नॉलेज पार्टनर आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 व आई0आई0टी0 कानपुर को तकनीक व कौशल विकास के सम्बन्ध में जानकारी व सहयोग देने के लिए उनके प्रस्ताव के अनुसार 15-15 करोड़ रुपये का फण्ड उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अनुरोध पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निकट भूमि उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रचुर मात्रा में संसाधन उपलब्ध हैं। भूमि भी उपलब्ध है, पर्याप्त टेस्टिंग रेंज है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रदेश की ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का विस्तार किया जा रहा है। डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण से बुन्देलखण्ड विकास की नई गाथा लिखेगा।

मुख्य सचिव श्री अनूप चंद्र पांडे ने कहा कि लैण्ड बैंक सहित डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग का क्षेत्र औद्योगिक विकास में उपयोगी भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश में 1100 ऐसी औद्योगिक इकाइयां हैं, जिनको 6 क्लस्टर्स में बांटकर माह दिसम्बर तक सम्बन्धित कार्य को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग 6 नोड्स के लिए विशेष उद्योगों की स्थापना तथा उनके लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, डिफेन्स कॉरिडोर की स्थापना के लिए एन्सिलरी यूनिट्स को विकसित किया जाए, जिससे रक्षा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन की भूमिका प्रदेश के विकास के लिए सुनिश्चित हो सके।

डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की नोडल एजेन्सी यूपीडा के सी0ई0ओ0 एवं अपर मुख्य सचिव श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापना सम्बन्धी कार्यों के लिए भूमि चिन्हित कर उन्हें उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भारत सरकार की रक्षा नीति के अनुसार स्पेशल पर्पज वेहिकिल की स्थापना सम्बन्धी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। ■

विचार कभी मरता नहीं - योगी आदित्यनाथ

आगरा में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा का अनावरण

'हमारा लक्ष्य अन्त्योदय है, और हमारा मार्ग परिवर्तन है'

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 25 सितम्बर को डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के पालीवाल पार्क परिसर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा का अनावरण एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था, 'हमारा लक्ष्य अन्त्योदय है, और हमारा मार्ग परिवर्तन है। हमारी भावना और सिद्धान्त है कि मैले, कुचैले व अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं, हमें इनकी पूजा करनी है। जहां माता-पिता अपने बच्चों का भविष्य बनाने में असमर्थ हैं, वहां जब तक हम आशा व पुरुषार्थ का संदेश नहीं पहुंचाएंगे तब तक हम राष्ट्र के चैतन्य को जागरूक नहीं कर सकेंगे।' राज्यपाल जी ने कहा कि इन विचारों की आज भी प्रासंगिकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्मवाद मानव दर्शन इस बात के लिए प्रेरित करता है कि विचार कभी मरता नहीं है। आज से 6 दशक पूर्व जिस वैचारिक क्रान्ति की शुरुआत पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी ने की थी, आज वे विचार व्यावहारिक धरातल पर उतर कर इस देश में गांव, गरीब, किसान, नौजवान व समाज के प्रत्येक तबके के बीच में शासन की योजनाओं को पहुंचाकर उन्हें शासन की मुख्य धारा के साथ जोड़ करके उनके जीवन स्तर को उठाने में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारा प्रयास हो कि हम सभी के जीवन का ध्येय, हमारा राष्ट्र होना चाहिए व हमारा राष्ट्रवाद होना चाहिए और हमारा अन्तिम ध्येय इस राष्ट्र की उन्नति होना चाहिए। ■

पं0 दीनदयाल जी के अंत्योदय का मंत्र साकार करेंगे हमः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की 102वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी अन्त्योदय की संकल्पना को साकार करने के लिए समर्पित थे। वे पहले विचारक थे जिन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को राजनीतिक एजेण्डे के केन्द्र में स्थापित किया। केन्द्र और राज्य सरकार अन्त्योदय के उनके स्वप्न को साकार करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। पिछले वर्ष पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया है। इस दौरान पूरे देश और प्रदेश में अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को लोकभवन में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार के निर्णयों और कार्यों के पीछे पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के चिंतन की प्रेरणा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जनधन योजना प्रारम्भ की गई है। इसके माध्यम से गरीबों का बैंकों में खाता खोलना संभव हुआ है। बैंक में खाता होने से डी0बी0टी0 के माध्यम से गरीब को राजकीय योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। यह पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चिन्तन की प्रेरणा से ही संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीबों के लिए आवास निर्माण, उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा के लिए करोड़ों की संख्या में शौचालयों का निर्माण, सौभाग्य योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता, उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवार की महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना आदि के पीछे पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चिन्तन की प्रेरणा ही है। ■

संवाद से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान सम्भवः मुख्यमंत्री

मध्य क्षेत्रीय परिषद की 21वीं बैठक 24 सितम्बर को योजना भवन में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में वहां के गृह एवं परिवहन मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह जी तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में वहां के गृह मंत्री श्री रामसेवक पैकरा जी ने प्रतिभाग किया।

पिछले चार वर्षों के दौरान मध्य क्षेत्रीय परिषद की दो बैठकें तथा इसकी स्थायी समिति की तीन बैठकें आयोजित की गई हैं। इसके अलावा अन्य क्षेत्रीय परिषदों की 11 बैठकें तथा 15 स्थायी समिति की बैठकें भी हुई हैं। इन सभी बैठकों में 680 मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया है। इनमें से 428 मुद्दों का समाधान भी हुआ है।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि हमारे देश की राज व्यवस्था संघीय है। इसमें केन्द्र और राज्यों के अपने-अपने दायित्व है। राज्य तमाम जनहित के मुद्दों पर कानून बनाकर लागू करते हैं, किन्तु केन्द्र तथा राज्य अथवा राज्यों के बीच पारस्परिक महत्व के विषयों पर निर्णय लेने में, परस्पर गतिरोध की स्थिति में संवाद के माध्यम से समाधान में अन्तर्राज्य परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि संवाद से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान सम्भव है।

किसानों के बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए 5,535 करोड़ रु0 का बजट आवंटित

उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए 5,535 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए इस धनराशि से चीनी मिलों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गत पेराई सत्र के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान हेतु सभी चीनी मिलों को 4.50 रुपये प्रति कुन्तल की दर से 500 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जायेगा। पेराई सत्र 2016-17 एवं 2017-18 के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान हेतु निजी क्षेत्र की चीनी मिलों को 4,000 करोड़ रुपये का सॉफ्ट लोन राष्ट्रीयकृत बैंक, शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक एवं उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

प्रवक्ता ने यह भी अवगत कराया कि सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों को बकाया गन्ना मूल्य भुगतान हेतु 1,010 करोड़ रुपये की ऋण सहायता प्रदान की गयी है। निगम क्षेत्र की चीनी मिलों को 25 करोड़ रुपये की ऋण सहायता बकाया गन्ना मूल्य भुगतान करने हेतु प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि उक्त सभी धनराशि सीधे कृषकों के खाते में उनके बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के सापेक्ष भेजी जायेगी।

25 सितम्बर 2018 को सम्पन्न प्रदेश कैबिनेट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

सॉफ्ट लोन के लिए 4 हजार करोड़ रु. का बजटीय प्राविधान

- गन्ना किसानों का पेराई सत्र-2017-18 का बकाया गन्ना मूल्य सुनिश्चित कराने के लिए चीनी मिलों द्वारा उक्त सत्र में की गई गन्ना खरीद के सापेक्ष 4.50 रु0 प्रति कुन्तल की दर से 500 करोड़ रु0 की वित्तीय सहायता राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी
- गन्ना किसानों का पेराई सत्र 2016-17 एवं 2017-18 का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु निजी क्षेत्र की चीनी मिलों को सॉफ्ट लोन देने के सम्बन्ध में 'चीनी उपक्रमों-2018 को वित्तीय सहायता दिये जाने की योजना' लागू करने का सैद्धान्तिक निर्णय
- सॉफ्ट लोन योजना हेतु अनुपूरक अनुदान के माध्यम से 4,000 करोड़ रु0 का बजटीय प्राविधान कराया गया

जनपद इलाहाबाद में आयोजित होने वाले कुम्भ मेला 2018-19 में अस्थायी विद्युतीकरण एवं अनवरत विद्युत आपूर्ति हेतु 226.9541 करोड़ रु0 के कार्य अनुमोदित

विधान सभा क्षेत्र कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ में गंगा सेतु करेंती घाट, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य हेतु 24889 लाख रु0 व्यय करने का निर्णय

जनपद गोरखपुर में शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान के निर्माण कार्य के प्रायोजना प्रस्ताव के सम्बन्ध में

प्रासाद स्कीम के अन्तर्गत वाराणसी में घाटों की फसाड लाइटिंग का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग से तथा स्वदेश दर्शन स्कीम के अन्तर्गत गोरखनाथ मन्दिर (गोरखपुर) हेतु साउण्ड एण्ड लाइट शो योजना का कार्य टेलीकम्युनिकेशन्स कन्सल्टेन्ट्स इण्डिया लि0 से कराये जाने का निर्णय

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग एवं मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें द्वारा संपरीक्षित संस्थाओं से संपरीक्षा शुल्क लिए जाने का प्राविधान समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में

जनपद सीतापुर में सिधौली-मिश्रिख-पिसांवा-नेरी मार्ग के सिधौली से कल्ली होते हुए नैमिषारण्य बी0पी0 मार्ग के 134.00 किमी0 तक का 02 लेन से पेव्ड शोल्डर तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु पैसेन्जर कार यूनिट के मानको में शिथिलीकरण के सम्बन्ध में

उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड और अपील) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2018 का प्रख्यापन



सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के लिए, निदेशक डॉ. उज्ज्वल कुमार द्वारा प्रकाशित. सम्पादक : दिनेश कुमार गर्ग